THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"

पाठ-6 भगवान के डाकिए

सार-आधारित प्रश्न (Extract Based Questions)

1)पक्षी और बादल, ये भगवान के डाकिए हैं, जो एक महादेश से दूसरे महादेश को जाते हैं।
हम तो समझ नहीं पाते हैं मगर उनकी लाई चिट्ठियाँ पेड़, पौधे, पानी और पहाड़ बाँचते हैं।

प्रश्न 1. कवि और कविता का नाम बताएं।
(क) कवि का नाम- रामधारी सिंह दिनकर, कविता का नाम- भगवान के डाकिए।
(ख) कवि का नाम- सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', कविता का नाम- ध्वनि।
(ग) कवि का नाम- दीवानों की हस्ती, कविता का नाम- भगवतीचरण वर्मा।
(घ) कवि का नाम- कबीर की साखियाँ, कविता का नाम- कबीरदास।

प्रश्न 2. पक्षी और बादल भगवान के डाकिए क्यों हैं ?
(क) क्योंकि ये ही भगवान के संदेश हम तक पहुंचाते हैं।
(ख) बादल वर्षा करते हैं और पक्षी आनंदित होते।
(ग) इनका प्रकृति से अटूट रिश्ता है।
(घ) डाक इधर-उधर ले जाते हैं।

प्रश्न 3. भगवान के डाकिए किसे कहा गया है?
(क) हवा और पानी को
(ख) पक्षी और बादल को
(ग) पक्षी और पहाड़ को
(घ) मेघ और बादल को

प्रश्न 4. पक्षी और बादलों के द्वारा लाई गई चिट्ठियों को कौन बाँचता है ?
(क) पेड़ और पौधे
(ख) पानी और पहाड़
(ग) क और ख दोनो
(घ) इनमें से कोई नहीं

2)हम तो केवल यह आँकते हैं कि एक देश की धरती दूसरे देश को सुगंध भेजती है।
और वह सौरभ हवा में तैरते हुए पक्षियों की पाँखों पर तिरता है।
और एक देश का भाप दूसरे देश में पानी बनकर गिरता है।
प्रश्न 1. सौरभ कहाँ – कहाँ जाता है?

प्रश्न 2. सौरभ और पाँखों शब्दो का अर्थ स्पष्ट करें?

प्रश्न 3. एक देश का भाप दूसरे देश में क्या बनकर गिरता है?

प्रश्न 4. इस काव्यांश से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

बहुविकल्पीय प्रश्न (Multiple Choice Questions)

प्रश्न 1. ‘भगवान के डाकिए’ कविता के कवि का नाम बताएं।
(क) रामधारी सिंह दिनकर
(ख) सूर्यकांत त्रिपाठी ‘निराला
(ग) भगवतीचरण वर्मा
(घ) कबीरदास

प्रश्न 2. भगवान के संदेश को कौन – कौन पढ़ सकता है?
(क) संसार में रहने वाले सभी लोग
(ख) सभी चतुर व्यक्ति
(ग) सभी जीव जंतु
(घ) पेड़, पौधे, सरोवर-सरिताएँ, समुद्र व पर्वत यानी प्रकृति

प्रश्न 3. भगवान के डाकिए इस संसार को क्या संदेश देना चाहते हैं?
(क) आपसी नफरत का
(ख) विश्वबंधुत्व का
(ग) भेदभाव न करने का
(घ) प्रेम भाव से आगे बढ़ने का

प्रश्न 4. ‘बाँचते’ शब्द का क्या अर्थ है?
(क) पढ़ना
(ख) सुनना
(ग) रोना
(घ) धोना

प्रश्न 5. एक देश की धरती द्वारा भेजा गया सौरभ दूसरे देश की धरती तक कैसे पहुँचता है?
(क) पानी से
(ख) फूल से
(ग) धूल से
(घ) सुगंध से

प्रश्न 6. भगवान के डाकिए द्वारा लाई गई चिट्ठियों को कौन नहीं पढ़ सकता है?
(क) इंसान
(ख) पेड़-पौधे
(ग) जानवर
(घ) पहाड़

प्रश्न 7. ‘तिरता’ शब्द का क्या अर्थ है?
(क) बहना
(ख) रोना
(ग) सोना
(घ) तैरता

प्रश्न 8. ‘सौरभ’ शब्द का क्या अर्थ है?
(क) बदबू
(ख) खुशबू
(ग) सुरंग
(घ) दुर्गंध

प्रश्न 9. WWW का अर्थ है-
(क) वर्ड वाइड वेब
(ख) वर्ल्ड वाइड वेब
(ग) वर्ल्ड वेब वाइड
(घ) वर्ल्ड वाइज वेव

प्रश्न 10. पानी बरसने से एकदम पहले उसका रूप होता है।
(क) भाप
(ख) हवा
(ग) आँधी
(घ) धूल

<u>एक वाक्य में उत्तर लिखिए</u>
प्रश्न 11. एक देश की धरती दूसरे देश की धरती को क्या भेजती है?

प्रश्न 12. एक महादेश से दूसरे महादेश कौन जाते हैं?

प्रश्न 13. भगवान के संदेश को पेड़ पौधे पानी और पहाड़ क्यों समझ पाते हैं?

प्रश्न 14. पक्षी एक देश से दूसरे देश में सुगंध कैसे ले जाते हैं?

प्रश्न 15. ‘भाप’ शब्द का क्या अर्थ है?

प्रश्न 16. भगवान के डाकिए कविता का भाव स्पष्ट करो?

प्रश्न 17. बादल और पक्षी क्या नहीं मानते?

प्रश्न 18. मनुष्य प्रकृति के संबंध में केवल क्या कर सकता है?

प्रश्न 19. ‘आँकत’ शब्द का क्या अर्थ है?

प्रश्न 20. प्रस्तुत कविता में पक्षी और बादल को क्या कहा गया है ?